अकेले हो तो... विचारों पर काबू रखो और सबके साथ हो... तो जुबान पर काबू रखो...

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-258 ● कटनी ● शुक्रवार, 22 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर



## चीन में फिर फैला कोरोना संक्रमण, फ्लाइट व स्कूल बंद, घर में कैद हुए लोग

**बीजिंग।** भारत में जहां 100 करोड़ कोरोना वैक्सीन डोज लगाए जाने की सफलता की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है, वहीं दूसरी ओर कोरोना वायरस के जन्मदाता देश चीन में एक बार फिर कोरोना संक्रमण बढ़ने लगा है और लगातार सामने आ रहे कोरोना संक्रमण कके मामलों ने नई चिंता बढ़ा दी है। बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए चीन सरकार ने भी सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। चीन में कई घरेलू व वैश्विक उड़ानें रद्द की जा रही हैं, साथ ही स्कूल बंद कर दिए गए हैं। चीन के कुछ शहरों में फिर से लॉकडाउन लगाया जा सकता है। आपको बता दें कि दुनियाभर में कोरोना संक्रमण चीन से फैला था। ऐसे में चीन ने एक बार फिर दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है।

# युद्ध चल रहा हो, तब हथियार नहीं डाले जाते

## अंदाज-ए-मोदी


## 20 मिनट में 10 बार आलोचकों को घेरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब शुक्रवार (22 अक्तूबर) को देश के सामने आए तो यही अनुमान थे कि वह कोरोना के सौ करोड़ टीकों की उपलब्धि पर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने भी देशवासियों को इस उपलब्धि की बधाई देते हुए 20 मिनट तक राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। इसके साथ वैक्सीन के अब तक के सफर में आई चुनौतियों और उससे निपटने की भारत की उपलब्धियों को बताते हुए आलोचकों को करारा जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, इस तरह के सवाल थे कि भारत के लोगों को वैक्सीन मिलेगी भी या नहीं? क्या भारत इतने लोगों को टीका लगा पाएगा, जिससे महामारी को फैलने से रोक सके। भांति-भांति के सवाल थे, लेकिन आज ये सौ करोड़ वैक्सीन डोज हर सवाल का जवाब दे रहे हैं। भारत ने अपने नागरिकों को सौ करोड़ वैक्सीन डोज मुफ्त लगाई है। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना की शुरुआत में आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं कि भारत जैसे लोकतंत्र में इस महामारी से लड़ना बहुत मुश्किल होगा। भारत और यहां के लोगों के लिए



यह भी कहा जा रहा था कि इतना संयम और इतना अनुशासन यहां कैसे चलेगा? लेकिन हमारे लिए लोकतंत्र का मतलब है सबका साथ। सभी को साथ लेकर मुफ्त वैक्सीन का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि गरीब-अमीर, गांव-शहर, दूर-सुदूर देश का एक ही मंत्र रहा कि अगर बीमारी भेदभाव नहीं करती तो वैक्सीन में भी भेदभाव नहीं हो सकता। ऐसे में यह सुनिश्चित किया गया कि टीकाकरण अभियान पर वीआईपी कल्चर हावी न हो। देश ने अपनी एकजुटता को ऊर्जा देने के लिए ताली-थाली बजाई, दीये जलाए। तब कुछ लोगों ने कहा था कि क्या इससे बीमारी भाग जाएगी? लेकिन हम सभी लोगों को उसमें एकता-सामूहिक शक्ति का जागरण दिखा। इसी ताकत ने कोविड वैक्सीनेशन में आज देश को इतने कम समय में सौ करोड़ तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक जमाना था, जब मेड इन ये कंट्री-वो कंट्री, इसी का बोलबाला था। बहुत क्रेज होता था। आज हर देशवासी यह साक्षात अनुभव कर रहा है कि मेड इन इंडिया की ताकत बहुत बड़ी होती है। संबोधन के आखिर में मास्क के बहाने भी आलोचकों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कवच कितना ही उत्तम हो। कितना ही आधुनिक हो। कवच से सुरक्षा की पूरी गारंटी हो, तब भी जब तक युद्ध चल रहा है, तब तक हथियार नहीं डाले जाते।

### फटाफट खबरें



## उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में फंसे 700 से अधिक पर्यटक

**देहरादून।** उत्तराखंड में तीन दिन की मूसलाधार बारिश के कारण आई आपदा के कारण बंद हुए रास्ते भले ही अब खुलने लगे हैं लेकिन कुमाऊं मंडल में अब भी 700 से ज्यादा पर्यटक अलग-अलग कारणों से फंसे हुए हैं। इनमें चार विदेशी पर्यटकों के फंसे होने की बात कही जा रही है। नैनीताल जिले में अब भी 165 से ज्यादा पर्यटक फंसे जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार को ऐसे 40 पर्यटकों को बाहर निकाला। कुछ पर्यटकों की गाड़ी का तेल खत्म हो गया था। कुछ पर्यटक पैदल ही निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

## जहरीली शराबकांड में महिला सहित तीन आरोपियों को रिमांड

**इंदौर।** चर्चित जहरीली शराबकांड में एरोड्रम थाना पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपितों को रिमांड पर लिया है। आरोपितों को मंदसौर पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। महिला के माध्यम से ही मिथाइल एल्कोहल सप्लाय हुआ था। इंदौर में जहरीली शराब से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। एरोड्रम थाना टीआइ संजय शुक्ला के मुताबिक छोटा बांगड़दा स्थित पैराडाइज बार और सपना बार(मरीमाता) पर शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई थीमें दब गए। रात करीब एक बजे पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोगों के घायल होने की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों ने दी है।

## बिहार में सियासी भूचाल: क्या टूट गया महागठबंधन?

**पटना।** बिहार में महागठबंधन के टूटने की खबर आ रही है। इस बात पर मुहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास ने लगा दी है। उन्होंने पटना पहुंचते ही एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि महागठबंधन टूटने का बस अब औपचारिक एलान भर होना बाकी है। कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में अकेले 40 सीटों पर पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने आरजेडी पर साथ नहीं देने का आरोप लगाया। आरजेडी ने महागठबंधन धर्म का पालन नहीं किया। बिहार में दो सीटों पर होने वाले उपचुनाव में पूरी ताकत से लड़ेंगे।

### अमेरिकी एजेंसी का दावा, चुनिंदा देशों की सूची में है शामिल

# भारत विकसित कर रहा दोगुनी क्षमता के हाइपरसोनिक हथियार

**नई दिल्ली।** चीन द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण की रिपोर्ट्स के बाद अमेरिकन कांग्रेस ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत भी उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो हाइपरसोनिक हथियारों को विकसित कर रहा है। दावा किया गया है कि अमेरिका, रूस, चीन के पास सबसे उन्नत किस्म के हाइपरसोनिक हथियार प्रोग्राम हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया, इंडिया, फ्रांस, जर्मनी और जापान भी उन देशों में शामिल हैं, जो हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी को विकसित कर रहे हैं। यह रिपोर्ट तब सामने आई है जब हाल ही में चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण कर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को चौंका दिया था।

### रूस के साथ बना रहा परमाणु हथियार

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जहां अमेरिका और



ऑस्ट्रेलिया मिलकर परमाणु हथियार बना रहे हैं तो भारत और रूस भी एक साथ मिलकर इस पर काम कर रहे हैं। दोनों देशों ने मैक-7 हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस-2 में एक दूसरे का सहयोग किया है। पहले ब्रह्मोस-2 का काम 2017 में पूरा होना था, लेकिन नई रिपोर्ट के अनुसार यह 2025 से 2028 के बीच में तैयार होगी। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल प्रोग्राम के तहत दोगुनी क्षमता की स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित कर रहा है और जून 2019 व सितंबर 2020 में मैक 6 का सफल परीक्षण भी कर लिया है।

### भारत के पास 12 हाइपरसोनिक टनल

अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के पास 12 हाइपरसोनिक टनल हैं, जो मैक-13 तक की गति का परीक्षण करने में सक्षम हैं।

## सीएम ने शहीद कर्णवीर को दी अंतिम विदाई

**सतना।** बुधवार को कश्मीर के शोपियां जिले में आंतकियों से लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए सतना के वीर सपूत कर्णवीर सिंह राजपूत का अंतिम संस्कार



गृहग्राम दलदल में किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बलिदानी के सम्मान में जो बनेगा वह करेंगे। उन्होंने सम्मान निधि एक करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। साथ ही बलिदानी के भाई को सरकारी नौकरी और गांव में स्मारक बनाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने ग्राम दलदल पहुंचकर कर्णवीर सिंह राजपूत की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रयाग (इलाहाबाद) में सेना द्वारा श्रद्धांजलि के बाद फूलों से सजे सेना के वाहन में बलिदानी कर्णवीर का पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से सतना लाया गया। इस दौरान जबलपुर से सेना की एक विशेष टुकड़ी सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदा देने दलदल गांव पहुंची।

## हादसा: दो ट्रकों के बीच दबी कार यूपी के आठ लोगों की मौत

**बहादुरगढ़।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में सुबह चार बजे बादली-गुरुग्राम रोड पर एक भीषण हादसा हो गया। हादसे में आठ लोगों की जान चली गई। हादसा फरुखनगर के पास हुआ, जहां ओवरटेक करने के चक्कर में एक कार आगे और पीछे आ रहे ट्रक



के बीच में आ गई। कार में नौ लोग सवार थे। जिनमें आठ की मौके पर मौत हो गई और एक बच्ची की जान बच गई। मृतकों में चार पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। हादसे में मारे गए सभी लोग उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद जिले के गांव अनूप नंगला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जो राजस्थान में गोगा मेड़ी के दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाले। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हादसे की जांच जारी है।

## निर्माणाधीन 60 मंजिला इमारत में लगी आग

**मुंबई।** मुंबई के लालबाग इलाके में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत में आग लगने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक,आग 19वीं मंजिल पर लगी थी, लेकिन अब वह फैलकर 17वीं और 25वीं मंजिल तक पहुंच चुकी है। राहत की बात यह है कि निर्माणाधीन होने के कारण फिलहाल इस इमारत में कोई नहीं रहता था। हालांकि, इमारत में मजदूर मौजूद हो सकते हैं। आग की सूचना पर दमकल की गई गाड़ियां और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच चुका है और आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बांग्लादेश के रोहिंग्या कैंप में गोलीबारी, 7 लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश के रोहिंग्या कैंप में शुक्रवार को बड़ी वारदात की खबर सामने आ रही है। यहां कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी गई। इस हमले में सात लोगों के मारे जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमला रोहिंग्या कैंप स्थित मदरसे पर किया गया था, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीन लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, हमला सुबह-सुबह चार बजे किया गया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके से एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को हमलावर के पास से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ है। इसके बाद से लगातार पुलिस कैंपों में छापेमारी कर अन्य हमलावरों की तलाश कर रही है।

## अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी

**भोपाल।** नियमित शिक्षकों की भर्ती के बाद 8 अक्टूबर 2021 की स्थिति में स्कूल लेवल पर अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है। ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंस के दौरान सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने जिलों में सुनिश्चित करें कि अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी विमर्श पोर्टल पर प्रदर्शित हो जाए। उल्लेखनीय है कि प्राइमरी से लेकर हाई सेकेंडरी स्कूल तक के प्राचार्य द्वारा मार्गदर्शन चाहा गया था कि अतिथि शिक्षक पोर्टल पर रिक्त पद प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं जबकि विद्यालय में पद रिक्त है।

# 15 नवंबर को पीएम मोदी भोपाल आएंगे

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल दौरा कार्यक्रम तय हो गया है। श्री मोदी दिनांक 15 नवंबर 2021 को भोपाल आएंगे। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री इसी समारोह को संबोधित करेंगे। पीएम के प्रस्तावित दौरे के अनुसार वे करीब 2 घंटे भोपाल में रहेंगे। मंत्रालय के सूत्रों का अनुमान है कि इस कार्यक्रम में लगभग 400000 आदिवासी



शामिल होंगे। पुनर्निमित हबीबगंज रेलवे स्टेशन का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री की हाथों कराए जाने की कोशिश की जा रही है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस का कार्यक्रम भोपाल के जंबूरी मैदान में होगा। इसमें करीब डेढ़ लाख आदिवासियों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 से 2 बजे तक रहेंगे। आयोजन की रूपरेखा को लेकर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री से डिस्कशन के बाद मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तावित कार्यक्रम भेज दिया जाएगा।

## भोपाल में 8 वर्षीय बच्चे सहित सात पॉजिटिव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कोरोनावायरस के मामले लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्राइवेट यूनिवर्सिटी के डीन सहित 6 पॉजिटिव मिलने के बाद आज एक 8 साल का बच्चा सहित सात नागरिक पॉजिटिव मिले हैं। हमीदिया अस्पताल में 8 साल का




बच्चा कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरेंट्स ने बताया कि दोस्तों के साथ ग्राउंड में खेल रहा था। शाम को लौटकर आया तो उसे बुखार था। डॉक्टर ने वायरल फीवर बताया। एहतियात के तौर पर जांच करवाई थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कोविड कंट्रोल रूम के अफसरों ने बताया है कि भोपाल मेमोरियल गांधी मेडिकल कॉलेज, गांधी मेडिकल कॉलेज और अन्य लैब में शहर के 7 मरीजों की रिपोर्ट कोविड-19 पॉजिटिव आई है। इन मरीजों के सिरम के सैंपल रेलवे स्टेशन और घरों से लिए गए थे। बुधवार को भी जो लोग पॉजिटिव पाए गए थे उनकी ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। ज्यादातर लोग जो यात्राओं से वापस आ रहे हैं, उनमें संक्रमण पाया जा रहा है।

# आर्यन ने अनन्या से पूछा- कुछ जुगाड़ हो सकता है?

**मुंबई** अनन्या पांडे से ड्रग्स केस में पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। अनन्या से गुरुवार को करीब सवा दो घंटे तक पूछताछ चली। गुरुवार को एनसीबी की टीम ने अनन्या के घर रेड डाली थी। इसके बाद उन्हें समन जारी कर पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया। अनन्या को शुक्रवार को 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह तय समय पर एनसीबी के दफ्तर नहीं पहुंचीं। एनसीबी को आर्यन और अनन्या के बीच नशे को लेकर चैट मिली है जिसके बाद एनसीबी ने समन किया था। इस दौरान समीर वानखेड़े ने अनन्या को आर्यन के साथ उनकी ड्रग्स को लेकर बातचीत वाले चैट भी दिखाए। बताया जाता है कि इस चैट में आर्यन अपनी दोस्त अनन्या से पूछते हैं कि कुछ जुगाड़ हो सकता है क्या? इसके जवाब में अनन्या लिखती हैं कि मैं अरेंज



कर दूंगी। माना जा रही है कि आर्यन गांजा को लेकर अनन्या से बात कर रहे थे। जब समीर वानखेड़े ने अनन्या से इस चैट को लेकर सवाल किया तो अनन्या ने कहा कि वह- सिगरेट को लेकर बात कर रही थीं। जब अनन्या से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी ड्रग्स लिया है तो एक्ट्रेस ने साफ इनकार किया।

### ड्रग्स पेडलर पकड़ा गया

उधर एनसीबी इस मामले में एक ड्रग्स पेडलर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एएनआई के अनुसार, एनसीबी ने बताया है कि, हिरासत में लिया गया पेडलर मामले में मुख्य संदिग्ध है जिसका नाम ड्रग्स से संबंधित चैट में सामने आया है। इससे भी खुलासे हो सकते हैं।

## मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव के लिए तैयार रहें: EC

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सभी तैयारियाँ जल्द पूरी करें। माना जा रहा है कि लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव के बाद पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मध्य प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश में 23 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों के साथ 313 जनपद पंचायत और 52 जिला पंचायतों के चुनाव कराए जाने हैं।




# एक माह में होगा करोड़ों का रंगरोगन





## दीपावली पर्व को लेकर घरों की रंगाई का काम तेज, पेंट, इमल्शन और डिस्टेंपर का चमक उठा बाजार

**कटनी।** दीपावली पर्व को लेकर घरों की रंगाई का काम तेज हो गया है। ऐसे में पेंट, इमल्शन और डिस्टेंपर का बाजार भी चमक उठा है। कंपनियों ने कई वेरायटी एवं रंगों में अपना माल बाजार में उतारा है। बिक्री तेज होने से इस माह रंगों का कारोबार 3 से 4 करोड़ा रूपए हो सकता है। बांकी महीनों में यह 1-2 करोड़ रुपए के आसपास रहता है। इस बार भी लोगों का रुझान हल्के रंगों की तरफ है। वहीं कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए एंटी बैक्टीरियल पैंट का उपयोग भी बढ़ा है। रंग और पेंट और हार्डवेयर की दुकानों में इन दिनों लोग अपनी पसंद का रंग कैटलॉग में देखते नजर आ रहे हैं। दीपावली से पहले लोग घरों की रंगाई एवं पुताई करवाते हैं।

इस साल भी ज्यादातर लोग हल्के रंग से कमरों को सजाना चाहते हैं। हालांकि बाहरी दीवारों पर जरुर गाढ़े रंगों का प्रयोग लोग करते हैं। इसलिए दुकानों से प्रतिदिन हजारों लीटर इमल्शन, डिस्टेंपर एवं पेंट की बिक्री हो रही है। दुकानदार भी उन्हें उनकी पसंद के रंगों को उपलब्ध करवा रहे हैं। 55 प्रतिशत इमल्शन का उपयोग दीवारों को रंगने में अब करीब 55 प्रतिशत लोग इमल्शन का उपयोग करने लगे हैं। क्योंकि यदि एक बार इसे दीवार पर लगाया तो दो से तीन सालों तक रंगाई की जरुरत नहीं होती।

### एक नजर इधर भी

- आधा दर्जन से ज्यादा कंपनियां बाजार में।
- हर माह 1 से 2 करोड़ रुपए का कारोबार।
- अक्टूबर में 3 से 4 करोड़ का बिजनेस।
- एंटी बैक्टीरियल पेंट की तरफ बढ़ा रुझान।
- इसकी कीमत 500 से 600 रुपए लीटर।
- प्रीमियम और लग्जरी सेगमेंट का बाजार तेज।

### पांच साल खराब नहीं होता इमल्शन

रंग पेंट विक्रेताओं के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाले कई इमल्शन तो ऐसे हैं जो पांच साल से ज्यादा समय तक खराब नहीं होते हैं। इनमें कई ऐसे हैं जो कि किसी भी मौसम के अलावा धूल को सहन करने की क्षमता रखते हैं। इसकी कीमत 150 से 550 रुपए लीटर तक है। इसी प्रकार डिस्टेंपर की बिक्री भी कम नहीं हुई है। लोग अपनी पसंद एवं गुणवत्ता वाला डिस्टेंपर खरीद रहे हैं।

### चूना की बिक्री में भी तेजी

दीपावली पर्व को लेकर चूना की बिक्री में भी तेजी बनी हुई है। शहर सहित भट्ठा मोहल्ला मार्ग पर मुड़वारा स्टेशन के पास स्थित चूना दुकानों से रोजाना खरीददार चूना लेने आ रहे हैं। इसी प्रकार अलग-अलग इलाकों में भी लोग चूने की खरीदी कर रहे हैं।



## कटनी एवं स्लीमनाबाद स्थित गोदामों में जांच

### बीड़ी फैक्ट्री में स्टेट जीएसटी की टीम पहुंची

**कटनी।** मिशन चौक स्थित मॉडर्न बीड़ी फैक्ट्री फर्म में स्टेट जीएसटी की टीम ने दबिश देकर दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के बाद अधिकारियों ने इसे रूटीन जांच बताया। छापे की पूरी कार्रवाई डिप्टी कमिश्नर सुनीता वर्मा के नेतृत्व में अंजाम दी गई। गुरुवार सुबह मॉडर्न बीड़ी फैक्ट्री फर्म में छापे की खबर से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि कटनी और स्लीमनाबाद स्थित ऑफिस में एक बार फिर जांच पड़ताल की गई। टैक्स संबंधी जांच को लेकर टीम ने यहां दबिश दी। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई शाम तक जारी रही। इस दौरान पुलिस के कर्मचारी भी मौजूद रहे। बताया जाता है कि आधा दर्जन से अधिक अफसरों की टीम ने ऑडिट संबंधी दस्तावेज, कारोबार से जुड़े सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान यह भी चर्चा रही कि इसमें सेंट्रल जीएसटी टीम के अधिकारी भी शामिल हैं। इस दौरान मीडिया मौके पर पहुंची। मिशन चौक स्थित कार्यालय में जांच कर रहे अधिकारियों से जांच संबंधी जानकारी चाही गई तो उन्होंने जांच के बाद ही कुछ बताने की बात कही। अफसरों ने केवल इतना बताया कि रूटीन जांच हो रही है। बताया जाता है कि स्टेट जीएसटी की टीम स्लीमनाबाद स्थित फर्म और कार्यालय में भी जाकर जांच की, वहां से जांच करने के बाद टीम शहर स्थित कार्यालय में पहुंची, जहां पर संयुक्त टीम ने जांच की। चर्चा रही कि स्लीमनाबाद, तेवरी में संचालित अन्य बीड़ी फर्मों में भी अधिकारियों ने जांच की है।

## आरटीओ आफिस जाने पर लगने वाले टोल टैक्स से जल्द मिलेगी मुक्ति

### वैकल्पिक मार्ग का बनेगा प्रस्ताव



**कटनी।** कटनी जिले की एक बड़ी समस्या का हल जल्द ही निकलेगा। कटनी में आरटीओ आफिस आने जाने पर लगने वाले टोल टैक्स से जनता को मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर ने एसडीएम सहित अन्य राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम को मौका मुआयना करने के निर्देश देकर समस्या का हल ढूंढने कहा। एसडीएम बलवीर रमन, पीडब्ल्यूडी ईई हरी सिंह ठाकुर, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह बघेल ने भाजपा नेताओं के साथ वस्तुस्थिति को जाना, जिसके बाद निर्णय लिया गया कि बिना टोल टैक्स क्रॉस किये यहां से एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया जा सकता है जिससे लोग आसानी से आरटीओ ऑफिस पहुंच सकें तथा उन्हें टोल टैक्स भी नहीं चुकाना पड़े। शीघ्र ही वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा जिसके बाद यहां वैकल्पिक मार्ग निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।



## उमरियापान में भक्तिभाव से मनाई गई शरद पूर्णिमा

### नगर के मंदिरों में रात 12 बजे तक चले धार्मिक आयोजन

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान के मुख्य मार्केट झंडा चौक हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा अपार श्रद्धा से मनाई गई। मंदिर में रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें नगर सहित आस पास के ग्रामों से पहुंचे गायकों ने एक से ब?कर एक प्रस्तुतियां देकर रात्रि 12 बजे तक समा बांधा साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को थिरकने में मजबूर कर दिया। रात्रि 12 बजे भजन कीर्तन कार्यक्रम का समापन हुआ। पूजा अर्चना के पश्चात मंदिर में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित राह चलते लोगों को स्वादिष्ट खीर का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने अमृत रूपी खीर को लेजाकर अपने अपने छतोंए बारजों सहित छानियों में रखा। शरद पूर्णिमा की अमृत गिरने के बाद सुबह अमृत रूपी खीर को ग्रहण किया। नगर के कटरा बाजार हनुमान मंदिर, बावली हनुमान मंदिर, बड़ी माई मंदिर, अथैया मंदिर, खालेबखरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी शरद पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर सुखदेव चौरसिया, किशोरी लाल चौरसिया, राजेंद्र कप्तान चौरसिया, रामानंद चौरसिया, आनंद, मुकेश गुप्ता, हरदी वाले पंडित जी, रॉकेट, मंदर, के के चौरासिया, सत्यम, राज, शिवम चौरसिया, मनीष श्रीवास सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भूमि प्रगट मां शारदा मंदिर में महाआरती



**कटनी।** भूमि प्रगट शारदा मंदिर बरगवां में कल शाम शरद पूर्णिमा के अबसर पर माता जी को छप्पन भोग व महा आरती का आयोजन किया गया इस अवसर पर देशराज गुप्ता, अमित गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, रिंकु गुप्ता, संजय गिरी, कमल रजक, सुभाष रजक, प्रकाश रजक, संदीप यादव, सुभाष यादव, अनुज, राकेश कुशवाहा एवं अन्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## डीईओ पहुंचे स्कूल तो गायब मिले मास्टर

### चार स्कूलों में डीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**कटनी।** वैश्विक महामारी कोरोना के कारण दो साल से बच्चों की पढ़ाई चौपट है। अब कोविड से राहत मिलने पर स्कूल तो खुल गए हैं लेकिन मास्टरों की बेपरवाही भारी पड़ रही है। स्कूल से गायब रहना आम बात हो गई है। इसका खुलासा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किए जा रहे औचक निरीक्षण से हो रहा है। गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने शासकीय हाइस्कूल गुड़ाकला संकुल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा का औचक निरीक्षण किया। स्कूल में 4 शिक्षक पदस्थ हैं, इसमें उच्च श्रेणी शिक्षक गोविंद प्रसाद दाहिया, प्राथमिक शिक्षक पुष्पराज तिवारी, प्राथमिक शिक्षक निसार अहमद, बिना सूचना व अवकाश स्वीकृति के विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए। निसार अहमद उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर गायब रहे। अतिथि शिक्षक के के द्विवेदी, आदर्श पांडेय हस्ताक्षर कर विद्यालय से चले गए थे। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों अतिथि शिक्षकों के व्यवहार का मूल्यांकन करते हुए लापरवाही पर एसएमडीसी में प्रस्ताव तैयार कराकर पृथक करने कहा। निरीक्षण के समय सभी विद्यार्थियों की छुट्टी कर दी गई थी। बच्चे गेट से बाहर जा रहे थे। बच्चों ने जिला शिक्षा अधिकारी को बताया कि प्रतिदिन 4 बजे छुट्टी कर दी जाती है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी को नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा है। जिले के स्कूलों में जमकर मनमानी चल रही है। कुछ दिनों से अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं इसके बाद भी कोई कसावट नहीं आ रही है। समीक्षा बैठकों में शिक्षा का स्तर सुधारने मंथन होता हैए अफसर बेहतर पढ़ाई का दावा करते हैंए लेकिन रिजल्ट भी कलई खोलकर सामने रख देते हैं।





## समर्थ युवा शक्ति ने किया प्रशासन का सम्मान

**कटनी।** समर्थ युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा दशहरा पर्व शहर में शांति पूर्ण रूप से मनाया गया एवं पुलिस की सक्रिय मुस्तैदी थी पुलिस द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई। जिसको देखते हुए कोतवाली टीआई अजय बहादुर सिंह का सम्मान किया गया। इस दौरान समर्थ युवा शक्ति प्रमुख सागर तोमर समर्थ युवा शक्ति प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश राय, अमित बर्मन, मनीष सिंह, सत्यम रैकवार, रोहित खरे, कुलदीप सिंह,अमित गर्ग, मोंटी निषाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिटी मॉल बरही रोड में

बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, कॉमेडी, फुल एंटरटेनमेंट




रोजाना 4 शो
ता. 22 से
दोपहर
12.45,
3,5.15 एवं
7.30 बजे से

बबलू बैचलर

कलाकार- शरमन जोशी, पूजा चौपड़ा, तेजश्री प्रधान, राजेश शर्मा, महेशचंद्र देव आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 4 शो
ता. 14 से
दोपहर
12.30,
3.30,6 एवं
8.30 बजे से

VENOM (हिन्दी में)

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## भगवती जागरण में औषधियुक्त खीर के लिए उमड़े श्रद्धालु





**कटनी।** जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती में विशाल मां भगवती जागरण का भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जागरण दौरान सुबह तक निरंतर मां की भेंटें गोवर्धन उदासी, दिलीप उदासी, राजू ग्रोवर, संजू नाकरा, पवन रावत एवं उनके सहयोगी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कलाकारों की गीतों ने जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी गीता रानी भारद्वाज, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, संजय भारद्वाज, शेखर भारद्वाज, राजकुमार केलु उपाध्याय, कपूर सोनी, संतोष सोनी, के के अग्रवाल, प्रकाश रैकवार, राकेश साहू, शुभम यादव, वेंकट गट्टानी, डॉ नामदेव, आलोक त्रिपाठी, प्रकाश, सुनील गर्ग का योगदान रहा।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 22 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# नो एंट्री जरूरी भी,परेशानी भी

कैमोर। नगर के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कैमोर नगर में एक बार फिर नो एंट्री सिस्टम कल 21 अक्टूबर से लागू कर दिया गया है। पुलिस की बात मानें तो नो एंट्री लागू करने का निर्णय स्कूलों के प्राचार्य, एसीसी प्रबंधन और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की सहमति से लिया गया है। निर्णय के मुताबिक अब रोज सुबह साढ़े 7 बजे से साढ़े 10 बजे तक और दोपहर साढ़े 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक ट्रक, डंफर, बलकर और हाइवा जैसे भारी वाहनों का नगर के भीतर प्रवेश निषेध रहेगा। अलबत्ता छोटे वाहन और यात्री बसों को नो एंट्री से छूट रहेगी।



## केवल बायपास ही है समस्या का स्थायी हल

यहां उल्लेखनीय है कि कैमोर नगर में आने-जाने के लिए एक ही मार्ग है जो नगर के मध्य घनी आबादी के बीच से होकर गुजरता है। कैमोर से भटूरा-मैहर, कैमोर से विजयराघवगढ़-कटनी या कैमोर से अमहटा-महगांव की ओर आने-जाने वाले सभी तरह के छोटे बड़े वाहन इसी मार्ग से होकर गुज़रते हैं। इन वाहनों में गिट्टी-पत्थर लेकर चलने वाले वाहन, फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाले बलकर कैप्सूल वाहन और हाइवा भी शामिल हैं। इसी मार्ग से एसीसी और एवरेस्ट प्लांट में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के वाहन भी निकलते हैं। बैंक, पोस्ट ऑफिस, अस्पताल सहित आधा दर्जन से अधिक स्कूल इसी मार्ग पर स्थित हैं, जाहिर है कि नर्सरी से लेकर प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायरसेकंडरी तक के स्कूली बच्चों के वाहन भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। स्कूल लगने और छूटने के समय मार्ग में यातायात का भारी दबाव बन जाता है। कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। स्कूली बच्चे दुर्घटना का शिकार न हो जाएं इसे ध्यान में रखकर नो एंट्री सिस्टम यहां कई सालों से चला आ रहा। कोविड के दौर में स्कूल कॉलेज बंद रहे तो नो एंट्री भी बंद रही। अब पुनः सभी स्कूल कॉलेज खुल चुके हैं इसीलिए फिर नो एंट्री सिस्टम बहाल कर दिया गया है। बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से नो एंट्री सिस्टम बेहद जरूरी है पर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के नजरिये से देखें तो उन्हें नो एंट्री की वजह से काफ़ी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके पहले सुबह, दोपहर और शाम को भी नो एंट्री रहती थी। वाहनों को दिन भर में 7-8 घन्टे खड़े होकर नो एंट्री खुलने का इंतज़ार करना पड़ता है। कैमोर-अमहटा-महगांव मार्ग में 10 किलोमीटर के भीतर आधा दर्जन से अधिक रेल फाटक हैं। झुकेही से कैमोर या कैमोर से झुकेही के लिए मालगाड़ी के रवाना होते ही ये फाटक बंद हो जाते हैं। इन फाटकों में भी वाहनों का बहुत सा समय बर्बाद हो जाता है। कैमोर के अलावा विजयराघवगढ़ में भी नो एंट्री सिस्टम लागू है। स्थिति यह हो जाती है कि भटूरा माइंस एरिया से लेकर महगांव के बीच जो वाहन दिन भर में सात-आठ चक्कर लगा सकते है वो नो एंट्री और रेल फाटक की वजह से चार चक्कर भी पूरे नहीं कर पाते। कई ट्रांसपोर्ट व्यवसायी तो अपनी गाड़ियों की किश्त भी नहीं निकाल पाते। कई बार वाहन छुपकर निकालने की कोशिश में पकड़े गए तो जुर्माने की चोट भी सहनी पड़ती है। कई बार नो एंट्री पॉइंट पर तैनात पुलिस कर्मी वाहन को निकल जाने देते हैं। ऐसे में अप्रिय हादसों को टालना कठिन हो जाता है। वैसे भी नो एंट्री से बसों को छूट है, ट्रेक्टर भी लोड ट्रालियों के साथ निकलते रहते है। छोटे पिकअप व्हीकलों को भी कोई रोक टोक नहीं रहती इससे सुरक्षा के उपाय में कसर तो रह ही जाती है। बच्चों की सुरक्षा सहित मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले हर राहगीर को दुर्घटना से बचाने के लिए एक मात्र विकल्प बायपास का निर्माण है। बायपास हो जाएगा तो ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को भी नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने इस समस्या को न केवल समझा है बल्कि इसे मुख्यमंत्री तक भी पहुंचाया है। मुख्यमंत्री के समक्ष कई बार वे कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही में बायपास की मांग रख चुके हैं। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के दौरे के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बायपास की मांग पूरी करने की घोषणा कर चुके हैं। अभी तक बायपास की इस मांग को तकनीकी स्वीकृति नहीं मिली। और भी कई शासकीय औपचारिकताएं पूरी होना बाक़ी है। इन प्रयासों में और तेजी लानी होगी तभी क़ामयाबी मिलेगी।



# हिंदुओं के ऊपर बर्बर अत्याचार एवं हमलों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** बांग्लादेश में लगातार चल रहे हिंदुओं के ऊपर बर्बर अत्याचार एवं हमलों के विरोध में आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय आव्हान पर आज जिले भर से सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता कोतवाली तिराहे पर पहुंचकर उग्र प्रदर्शन करते हुए इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हो रहा है। घरों को जलाया जा रहा है मंदिरों को तोड़ प्रतिमा को खंडित कर उनके मानो को भंग करने का जो दुस्साहस हो रहा है उससे संपूर्ण हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है जिससे बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ विरोध दर्ज कर प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत सत्संग प्रमुख अरुण नामदेव, जिला मंत्री अजय पटेल, जिला संयोजक राहुल दुबे, जिला सेवा प्रमुख सुनील गौतम, जिला विधि प्रमुख प्रकाश भोमिया, जिला गौ रक्षा अध्यक्ष महेश तिवारी एवं सैकड़ों की तादाद में उपस्थिति रही।

# अगले महीने घोषित होंगे पंचायत चुनाव

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह द्वारा कल 21 अक्टूबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ली गई जिला कलेक्टरों की बैठक के बाद त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग हर हाल में पंचायत चुनाव 31 दिसंबर से पहले करा लेना चाहता है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी कलेक्टरों को चुनाव सम्बन्धी सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि कोरोना सहित कुछ अन्य कारणों से प्रदेश में त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव अब तक टलते चले आ रहे। अगर 31 दिसम्बर के पहले चुनाव नहीं हुए तो राज्य शासन को न केवल ग्राम पंचायतों और जनपदों में नए सिरे से आरक्षण करना होगा बल्कि नई मतदाता सूची भी तैयार करनी होगी। नई मतदाता सूची को अंतिम रूप देने में दो से तीन महीने का समय लग सकता है। इसीलिए राज्य शासन और राज्य निर्वाचन आयोग इसी साल के अंत तक त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न करा लेना चाहता है। बताया गया कि पंचायत चुनावों को लेकर कल 21 अक्टूबर को निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह द्वारा सभी कलेक्टरों की बैठक बुलाई गई थी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजित इस बैठक में शासन की ओर से जानकारी दी गई कि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची तैयार है साथ ही पंच-सरपंच से लेकर जनपद सदस्य और जनपद अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। केवल जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए ही आरक्षण होना बाक़ी है। बैठक में निर्वाचन आयुक्त द्वारा जिला पंचायत आरक्षण की शेष प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश शासन को दिए गए हैं। माना जा रहा कि राज्य शासन आगामी नवंबर माह के दूसरे सप्ताह तक जिला पंचायत की आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण करा लेगा। यह प्रक्रिया पूरी होते ही निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव की तिथियों की घोषणा कर देगा। यह भी खबर है कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में होंगे जिसका पहला चरण नवम्बर माह में ही होगा। दिसम्बर के तीसरे सप्ताह तक ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत चुनाव के लिए मतदान पूर्ण कर नतीजों की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव अगले महीने शुरू हो सके इसके लिए कलेक्टरों को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उनकी कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। इसके अलावा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की सूची भी तैयार करने को कहा गया है ताकि सुरक्षा के माकूल इंतज़ाम किये जा सकें। अगर सबकुछ ठीक रहा तो निर्वाचन आयोग 15 नवम्बर के बाद किसी भी दिन पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है।




### निकाय चुनाव फिर टलने के आसार

पंचायतों की तरह ही प्रदेश के तीन सैकड़ा से भी अधिक नगरीय निकायों का कार्यकाल भी डेढ़ साल पहले ही पूर्ण हो चुका है। इन निकायों में नगर निगम सहित नगर पालिका और नगर परिषद भी शामिल है। निकाय चुनावों के लिए भी मतदाता सूची तैयार कर ली गई थी। अध्यक्ष, पार्षद और महापौर पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया भी पूरी हो गई थी पर चुनाव नहीं कराए जा सके। निकायों में सम्पन्न कराई गई आरक्षण प्रक्रिया को लेकर अनेक जगह असन्तोष देखा गया। इस प्रक्रिया में रोस्टर का पालन नहीं किये जाने के आरोप लगाते हुए इसे न्यायालय में चुनौती भी दी गई। प्रदेश के उच्च न्यायालय सहित खण्डपीठो में भी निकाय चुनावों को लेकर याचिकाएं विचाराधीन हैं, हालांकि निर्वाचन आयोग के अनुरोध पर अब इन याचिकाओं की संयुक्त रुप से सुनवाई उच्च न्यायालय में होना है बावजूद इसके इतनी जल्दी याचिकाओ का निपटारा संभव नहीं लग रहा। ऐसे में इस साल के अंत तक निकाय चुनाव हो पाना संभव नहीं लग रहा। माना जा रहा कि प्रदेश में एक डेढ़ साल से लंबित चुनाव में अभी कुछ महीनों का वक्त और लग सकता है।

## इंटक परिषद के संस्थापक स्व. अरविंद पाठक की पुण्यतिथि मनाई

**कटनी।** जिला इंटक परिषद के संस्थापक मजदूर एवं कर्मचारियों के मसीहा स्व. अरविंद पाठक की पुण्यतिथि आज 22 अक्टूबर को अरविंद पाठक भवन, सी. एल. पाठक वार्ड, कटनी में संध्या 6 बजे से मनाई जावेगी। उल्लेखनीय है कि स्व. अरविंद पाठक ने कटनी जिले में विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों एवं कर्मचारी हितों तथा उनके शोषण एवं दमन के विरूद्ध एक संयुक्त सशक्त संगठन का निर्माण किया था, जो कि केन्द्र एवं राज्य शासन के अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्रों में कार्यरत संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारी एवं मजदूरों का विगत 40 वर्षों से सशक्त मंच रहा है।यहां यह भी उल्लेख है कि जिला इंटक परिषद कटनी स्व. अरविंद पाठक की 22 अक्टूबर को उनकी पुण्यतिथि को मजदूर एवं कर्मचारी जागरूकता दिवस के रूप में मनायेगी। जिला इंटक परिषद के अध्यक्ष अविनाश पाठक, के. के. उपाध्याय, दीपक पाठक, रामाधार गौतम, विद्याधर मिश्रा, के. एल. श्रीवास्तव, सरमन तिवारी आदि ने सभी सम्मिलित संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# महर्षि बाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

## आकर्षण का केंद्र रहीं जीवंत झाकियां





**कैमोर।** वाल्मीकि समाज कैमोर इकाई द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस मौके पर एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें समाज के महिला पुरुषों व बच्चों ने काफी संख्या में हिस्सा लिया इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। अजर अमर त्रिकालदर्शी, ज्ञान के दाता, भारतीय संस्कृति के पितामह, नारी शक्ति की प्रतीक माता सीता के संरक्षक तथा लव-कुश के शिक्षक महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती के मौके पर 20 अक्टूबर को बाल्मीकि समाज कैमोर द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सर्वप्रथम शोभायात्रा जीवंत झांकी के साथ निकाली गई जो खलवारा बाजार वार्ड क्रं. 6 से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुरानी सरकारी अस्पताल के पास समाप्त हुई। जिसके बाद महर्षि बाल्मीकि जी का विधिवत पूजन किया गया, पूजन उपरांत प्रसाद व भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ लोगों में लालमन सिंगोते, तुलसी नाहर, रमेश चौहान, नारायण चौहान, प्रेमलाल लक्ष्मी नाहर विजय सिंगोते, खुशीलाल खरे, प्रभुदयाल करोसिया, रामनरेश वैद्य दीपक वैद्य राजकुमार डागौर, अनु सीहोते, विष्णु चौहान, रंजीत नरवारे, विनोद खरे, बिंदु खरे, शैलेंद्र चौहान, कैलाश चौहान, राजकुमार सुरेंद्र बोहत उमेश सुनील अनिल नाहर, सतीश सिंगोत, महेश बसंत सीहोते नीरज घारू वाल्मीकि महापंचायत कैमोर के अध्यक्ष राजकुमार नाहर, उपाध्यक्ष संजय सिंगोते, कोषाध्यक्ष मनोज खरे, महामंत्री मुकेश नाहर, मीडिया प्रभारी सुनील सिंगोते सहित वाल्मीकि समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# हर तीन साल में स्वच्छता दूतों से कराएं सेप्टिक टैंक की सफाई

## प्रभात फेरी के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज हेतु किया गया जागरूक




**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें एवं नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों से अवगत कराकर नगर की सफई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करनें हेतु रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधयों को आयोजन किया जा रहा है। सुनील सिंह नें बताया कि जिला कलेक्टर एवं निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के कुशल निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना आयोजित होने वाली जागरूकता गतिविधियों के तहत बालगंगाघर तिलक वार्ड एवं बिरसा मुंण्डा वार्ड में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के दौरान शौचालयों का निरीक्षण करते हुए सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज जनजागरूकता अभियान चलाया जाकर टोल फ्री नंबर 14420 पर कॉल कर प्रत्येक तीन सालों में अधिकृत स्वच्छता दूतों के माध्यम से सीवर एवं सेप्टिक टेंक की सफाई कराने हेतु प्रेरित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों से अवगत कराते हुए घरों से निकलनें वाले कचरें को डस्टबिन में रखने, गीले कचरे से घर पर जैविक खाद बनकार कचरे की मात्रा को कम करनें तथा खाद का उपयोग घरों के गमलों में करने, अपने घरों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई बनाये रखने की अपील की गई।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मढ़ई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
सोमवार, 25 अक्टूबर 2021
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि: शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071
NABH



# पहले चरण की दूसरी गाटर लॉचिंग कल

**2 स्पॉन रखे गए, 3 रखने कल मिलेगा मेगा ब्लॉक**

**कटनी।** मिशन चौक में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज के निर्माण में रेलवे के हिस्से में पहले चरण की दूसरी गाटर लॉन्चिंग कल 23 अक्टूबर को होगी। इसके पहले 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से ब्रिज कसंट्रक्शन कंपनी द्वारा सफलतापूर्वक गाटर लॉन्चिंग की गई।

कंपनी और ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अभी दो स्पॉन ब्रिज के ऊपर रखे गए हैं। कल 23 अक्टूबर को 3 स्पॉन रखे जाएंगे। इसके बाद रेलवे द्वारा एक बार फिर ब्लॉक दिया जाएगा, तब 50 मीटर वाले स्पॉन को क्रेन के जरिए ऊपर सेट किया जाएगा। इसके बाद अब उम्मीद की जा रही है कि नवंबर तक ओव्हर का निर्माण कम्पलीट हो जाएगा और इससे आवागमन भी शुरू हो जाएगा। इससे न केवल शहर के लोगों को सागर अंडर ब्रिज के नीचे रोज-रोज लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी, वरन उनके समय की भी बचत होगी। बरगवां से बस स्टेंड और कुठला की ओर जाने वाले लोग सीधे ओव्हर ब्रिज से होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

# कर्मचारियों ने ही पार किया था 17 टन लोहा

**सीवर लाइन कंपनी में हुई चोरी का माधवनगर पुलिस ने किया खुलासा, कंपनी के दो कर्मचारी गिरफ्तार, एक फरार**

**कटनी।** माधवनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शहर में सीवर लाइन का काम कर रही के के स्पन कंपनी का लगभग 17 टन लोहा चोरी हो गया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया गया है व दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि इस पूरे मामले में कंपनी के कर्मचारियों का ही खेल था। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि के के स्पन कंपनी का 17 टन लोहा 12 अक्टूबर को चोरी हो गया था। 12 अक्टूबर को मैनेजर गुरप्रताप सिंह स्टोर कीपर राहुल भट्ट को कहा कि एसटीपी-1 में 17 टन लोहा है, उसे एसटीपी-3 में जाना पहुंचाना है। सरिया को एसटीपी को चोरी कर दूसरी जगह रख दिया गया। अनुराग तिवारी निवासी मैहर हाल सुधारान्यास कॉलोनी कटनी कंपनी कर्मचारी शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पता चला कि स्टोर कीपर की मिलीभगत से गोविंद प्रसाद यादव, संदीप बर्मन ने इसको चोरी करके बेचने के लिए कहीं और रखवा दिया था। पुलिस ने लगभग साढ़े आठ लाख रुपये का लोहा बरामद कर लिया है। गोविंद व संदीप को गिरफ्तार किया है। स्टोर कीपर की तलाश जारी है। कार्रवाई में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक पंकज शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक उमानारायण, अनूप सिंह, प्रधान आरक्षक गणेशदत्त मिश्रा, शिव पटेल, भुवनेश्वर बागरी, नीलेश दुबे आदि की भूमिका रही।

**दीपावली पर्व को लेकर रेलवे ने अब तक शुरू नहीं की स्पेशल ट्रेनें**

# लंबी दूरी की ट्रेनों में अभी से नो रूम




**कटनी।** दीपावली का त्योहार आने में अब एक पखवाड़े से भी कम का समय बाकी रह गया है। ऐसे में लंबी दूरी की ट्रेनों में अभी से जगह फुल होने लगी है। दीपावली को लेकर हर कोई अपने घर जाकर इस त्योहार को मनाना चाहता है। कटनी में रेलवे का बड़ा जंक्शन और एनकेजे में मार्शलिंग यार्ड है, यहां बड़ी संख्या में उत्तरप्रदेश और बिहार के लोग काम करते हैं, जो दीप पर्व के दौरान अपने घर जाकर पर्व मनाना चाह रहे हैं लेकिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग की वजह से उन्हें आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे ने अभी तक दीपावली और छठ स्पेशल ट्रेनों का ऐलान भी नहीं किया है। आलम यह है कि अधिकांश ट्रेनों में जगह ही नहीं बची है। त्योहार को लेकर अभी से मारामारी शुरू हो गई है। मुंबई और कुर्ला से वारणसी, इलाहाबाद, पटना और भागलपुर जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। चार नवबंर को दीपावली का पर्व है। लिहाजा पर्व के दौरान अपने घर जाने के लिए लोग रिजर्वेशन काउंटर पहुंच रहे हैं तो वेटिंग से सामना हो रहा है। कोरोना काल के बाद से ट्रेनों में बिना रिजर्वेशन सफर भी नहीं किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक कुछ ट्रेनों में दीपावली के बाद तक की वेटिंग चल रही है।

### छठ पूजा के लिए पहले से फुल हो जाती है ट्रेनें

रोशनी के महापर्व दीपावली के बाद छठ पूजा का उत्तरप्रदेश और बिहार में काफी महत्व है। दीपावली के 6 दिन बाद मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए कटनी सहित अन्य शहरों से यूपी और बिहार के लोग बड़ी संख्या में अपने घर जाते हैं, इसलिए हावड़ा मुंबई मेल, जनता एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में अक्सर काफी भीड़ हो जाती है। दीपावली पर्व को देखते हुए रेलवे ने अभी तक स्पेशल ट्रेनों की घोषणा नहीं की है।

# खूनी संघर्ष में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

### बरगवां में कल मामूली विवाद पर हुई थी घटना

**कटनी।** रंगनाथनगर थाना अंतर्गत उपनगरीय क्षेत्र बरगवां में मामूली विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में घायल एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गौरतलब है कि कल गुरूवार की सुबह बरगवां स्थित इमाम बाड़ा के समीप मामूली विवाद को लेकर मोहम्मद नसीर व पैंटर उर्फ शकील अहमद अपने-अपने दर्जनों साथियों के साथ एक-दूसरे से भिड़ गए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे व तलवारे चली। दोनों पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में एक दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए। जिसमें कुछ को गंभीर चोटे आईं। वहीं पेट में तलवार लगने से शेख मुकीम नामक युवक बेहद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि अस्पताल में उपचाररत शेख मुकीम की आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि खूनी संघर्ष के बाद पुलिस ने मोहम्मद नसीर की शिकायत पर ताज पेंटर, अफाज, आजाद, शाहिद, वसीम, वाहिद व अकबर सहित एक अन्य तथा पैंटर उर्फ शकील अहमद की शिकायत पर नासिर, अख्तर, अमजद खान, समीम के विरूद्ध मारपीट की साधारण धाराओं क्रमश: 294, 324, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया था।



# शव की शिनाख्त बनी चुनौती

**कटनी/बरही।** बरही थाना क्षेत्र के कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित ग्राम तिमुआ सिद्ध महाराज के पास महानदी के बाणसागर भराव क्षेत्र में मिली एक अज्ञात युवक की बोरा बंद लाश के मामले में पुलिस को अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। युवक की हत्या कर लाश फेंकने वाले आरोपियों का सुराग तो दूर पुलिस लाश मिलने के 24 घंटे बाद शव की शिनाख्त तक नहीं कर पाई है। कुल मिलाकर शव की शिनाख्त पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। गौरतलब है कि कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित ग्राम तिमुआ सिद्ध महाराज के पास महानदी के बाणसागर भराव क्षेत्र में एक 45-50 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश कल गुरूवार की सुबह बरामद की गई थी। पानी मे शव उतरा रहा था, हाथ-पैर, मुंह रस्सी से बंधा हुआ था, शरीर मे चोट के निशान भी है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि किसी ने बेहरहमी से हत्या कर शव को बोरी में बंद कर महानदी में फेंका है। शव मिलने की खबर लगते ही मौके पर पहुंची बरही पुलिस ने शव बरामद करते हुए पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। वहीं पुलिस के द्वारा शव की शिनाख्तगी के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक आसपास के जिलों व थानों में जानकारी देकर शव की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**दो साल पहले परिजनों से बिछड़ी वृद्धा को पुलिस ने मिलाया**

# परिजन से मिलते ही बिलख पड़ी वृद्धा

### हर किसी के छलके आंसू, कुठला पुलिस की सराहनीय पहल, परिजनों का नहीं रहा खुशी का ठिकाना,बेटी से लिपटकर दहाड़ मारकर रोई वृद्धा, पुलिस ने बंधाया ढ़ाढस

**कटनी।** अपनों से बिछड़ने का क्या गम होता है ये तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं। दो साल बाद जब अपनों को पाने की तलाश के बाद वृद्धा के अपने मिले तो गले लिपटकर दहाड़ मारकर रोने लगी। वहीं पुलिस की सार्थक पहल काबिले तारीफ रही। झिंझरी कटनी स्थित बच्चन नायक वृद्धाश्रम में दो वर्षो से ज्यादा समय से एक वृद्ध महिला जो मानसिक रूप से कमजोर थी, रह रही थी। अपना स्वयं का नाम पता नहीं बता पा रही थी। उक्त वृद्धा को कटनी रेल्वे स्टेशन में अकेली घूमते पाये जाने पर वृद्धाश्रम कटनी में सितंबर 2019 में रखवा दिया गया था। वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों से वृद्धा काफी घुलमिल गयी थी लेकिन अपना नाम पता स्पष्ट नही बता पा रही थी।



### टीआई परिवार सहित पहुंचे वृद्धाश्रम

पूर्व में वृद्धा के परिजनों का पता लगाने के लिए थाना माधवनगर पुलिस द्वारा भी काफी प्रयास किया गया लेकिन पता नहीं चला। 1 अक्टूबर को कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह अपने परिवार सहित बच्चन नायक वृद्धाश्रम झिंझरी वृद्धजनों से मिलने व उनके लिए खेल सामग्री लेकर गये हुए थे। वृद्धाश्रम में पूर्व विधायक सरोज बच्चन नायक भी वृद्धजनों के बीच दोपहर के भोजन के समय उपस्थित थीं। उसी दौरान उक्त वृद्ध महिला भी वहीं पर आ गई, जिसके बारे में नायक मैडम ने थाना प्रभारी कुठला को उसके परिवारजनों और निवास के बारे में पता करने के लिए बताया।

### प्रयासों को ऐसे मिली सफलता

आरक्षक लगातार प्रयास करता रहा और उसके सार्थक प्रयास से आखिर सफलता मिल ही गई। वृद्ध महिला बिहार के सारन जिला निवासी 65 वर्षीय कमलादेवी पति राजकुमार शाह निकली। 21 अक्टूबर को महिला के पति राजकुमार शाह, पुत्री सीतादेवी शाह व दामाद बाल्मीकी शाह सुबह थाना कुठला आए। जिनके जलपान की व्यावस्था करवाकर थाना प्रभारी कुठला विपिन सिंह, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, आरक्षक दीपक सिंह वृद्धाश्रम लेकर पहुंचे। इसकी जानकारी पूर्व विधायक सरोज बच्चन नायक को दी गई।

### गमगीन हुआ वृद्धाश्रम का माहौल

वृद्ध महिला को जैसे ही परिवारजनों ने देखा तो सभी के खुशी के आंसू आ आ गए और महिला अपनी बेटी से गले लगकर भावुक होकर रोने लगी। देखते ही देखते वृद्धाश्रम में रह रहे महिला पुरुष सभी आ गए और सभी की आंखों से आंसू बहने लगे। वृद्धाश्रम का माहौल गमगीन हो गया। बताया जा रहा है कि वृद्धा के भाई की सितंबर 19 में मृत्यु हो गयी हो गयी थी, उसी समय से महिला परिवारजनों से बिछड़ गई थी। परिवारजनों द्वारा बिहार, नेपाल, उप्र आदि स्थानों पर अपने स्तर पर काफी प्रयास किये थे।

### बिहारी आरक्षक की मदद से चला पता

महिला कुछ-कुछ बिहारी भाषा में अस्पष्ट बोलती रही, सही नाम पता नहीं बता पाई। टीआइ ने उक्त महिला के संबंध में पुलिस अधीक्षक सुनील जैन को अगवत कराया। एसपी ने महिला को परिजनों से मिलवाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। 21 अक्टूबर को टीआइ कुठला ने बिहार के रहने वाले आरक्षक दीपक सिंह को सिविल ड्रेस में वृद्धाश्रम जाकर उक्त वृद्ध महिला से मिलकर परिजनों के बारे में जानकारी संकलित करने के लिए भेजा गया। दीपक सिंह फल व अन्य सामग्री लेकर वृद्धाश्रम जाकर वृद्ध महिला से मिला व सहजता से महिला से स्थानीय भाषा में बात की। परिजनों की जानकारी लेने में लग गया, काफी प्रयास के बाद महिला भाषा में अपने पते के बारे में भौगोलिक जानकारी देने लगी तो आरक्षक द्वारा महिला का फोटो बिहार के 02-03 संभावित जिलों में व्हाट्सअप के माध्यम से भेजी। आरक्षक के लगातार प्रयास के बाद वृद्ध महिला के जिले सारन की जानकारी प्राप्त हुई। आरक्षक ने वृद्ध महिला को वृद्धाश्रम से बाहर अपनी मोटर सायकिल में ले जाकर 1 घण्टे घुमाया और पुनः वृद्धाश्रम में पहुंचा दिया।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009





# गिट्टी का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्राली जप्त



### बरही पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** बरही पुलिस ने गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्राली को पकड़ कर थाने में खड़ा कराया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि खितौली रोड के पास बरही में एक ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रूप से गिट्टी चोरी कर परिवहन करते हुए आ रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बिना नम्बर का ट्रैक्टर चालक ग्राम बिचपुरा निवासी 27 वर्षीय सतीश दुबे से दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखा पाया। पुलिस ने ट्रैक्टर जप्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की है।














स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)